भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-950**

उत्तर देने की तारीख-02/12/2024

**महाराष्ट्र के सरकारी विद्यालयों में इंटरनेट की उपलब्धता**

**†950. डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:**
**श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:**
**श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील:**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:**
**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:**
**श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:**
**श्रीमती सुप्रिया सुले:**
**श्री अमर शरदराव काले:**
**श्री संजय दीना पाटिल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूरे देश में कार्यशील इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले सरकारी विद्यालयों की संख्या कितनी है और इनका प्रतिशत कितना है;

(ख) क्या सरकार की महाराष्ट्र राज्य के सभी विद्यालयों में इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने की कोई योजना है;

(ग) यदि हां, तो राज्य में बैठने की पर्याप्त क्षमता से युक्त इंटरनेट कनेक्शन और कम्प्यूटर प्रयोगशालाओं वाले विद्यालयों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या महाराष्ट्र के विद्यालयों में इंटरनेट की पहुंच में सुधार करने की कोई योजना है;

(ङ.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) सरकार द्वारा महाराष्ट्र के सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत इंटरनेट कनेक्टिविटी का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(छ) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र राज्य को इस प्रयोजनार्थ आवंटित की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क): यूडाइज़+2021-22 के अनुसार, देश भर में कार्यात्मक इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले सरकारी स्कूलों की संख्या और प्रतिशत 2,47,000 (24.2%) है।

(ख) से (छ): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र में 65,064 सरकारी स्कूलों में से 35,349 अर्थात 54.33% स्कूलों में कार्यात्मक इंटरनेट कनेक्टिविटी है। समग्र शिक्षा, स्टार्स, पीएमश्री योजनाओं के तहत गुणवत्ता उपाय-आईसीटी और डिजिटल पहल के घटक के माध्यम से इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की जाती है। इसके अलावा, महाराष्ट्र राज्य में 65,064 सरकारी स्कूलों में से 3,169 में अच्छी तरह से सुसज्जित और पर्याप्त बैठने की क्षमता वाली कंप्यूटर लैब हैं।

सभी अंतःक्षेप राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा पहचान की गई आवश्यकताओं के अनुसार तथा उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार योजनाओं के वित्तीय और कार्यक्रम संबंधी मानदंडों का मूल्यांकन करके किए जाते हैं।

डिजिटल पहल के तहत महाराष्ट्र राज्य के अनुसार पिछले पांच वर्षों के दौरान आवंटित निधि का ब्यौरा इस प्रकार है:

(रुपए करोड़ में)

| वर्ष | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| आवंटित निधि | 0.00 | 0.00 | 116.26 | 139.14 | 238.00 |

*****